**बिहार सरकार**
**आपदा प्रबंधन विभाग**
**(बिहार राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र)**

# प्रेष विज्ञप्ति

**दिनांकः 20.06.2025**
**समयः 11.00 बजे पूर्वा0**

विगत् दिनों में झारखण्ड राज्य में हुई बारिश से **फल्गू नदी** के जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि होने के कारण **उदेरास्थान बराज,** जहानाबाद से दिनांक 19.06.2025 को **73 हजार क्यूसेक** से उपर पानी छोड़ा गया, जिसके फलस्वरूप **नालन्दा जिले के प्रखण्ड हिलसा, करायपरसुराय एवं एकंगरसराय में कई जगहों पर तटबंधों में कटाव के कारण आस–पास के गाँवों में पानी फैलने की सूचना प्राप्त हुई है।**

झारखण्ड राज्य में हो रही अत्यधिक वर्षा को देखते हुए संभावित बाढ़ से राहत एवं बचाव हेतु **एन0डी0आर0एफ0 की 02 टीमों** को कल ही नालन्दा जिला में तैनात कर दिया गया था।

एकंगरसराय अंचल के अन्तर्गत मंडाछ पंचायत के बेलदारी बिगहा ग्राम के राढ़िल छिलका से सट्टा तटबंध क्षतिग्रस्त हो जाने के फलस्वरूप बेलदारी बिगहा ग्राम के **लगभग 600 की जनसंख्या आंशिक रूप से बाढ़ से** प्रभावित हुई है। प्रभावित परिवारों के बीच **ड्राई राशन पैकेट एवं पॉलीथीन शीट्स** का वितरण किया गया है। साथ ही **एक सामुदायिक रसोई केन्द्र** का भी संचालन प्रारम्भ किया गया है।

**स्थिति नियंत्रण में है एवं सतत् निगरानी रखी जा रही है।**



